उत्तर पश्चिम रेलवे

रेलवे भर्ती कक्ष,

भवन नं. 04, द्वितीय तल, केन्द्रीय रेलवे चिकित्सालय के सामने,
द्वितीय प्रवेश द्वार के पास, रेलवे स्टेशन, जयपुर 302006
वेबसाईट www.rrcjaipur.in

सं0–740–ई/आरआरसी/सांस्कृतिक कोटा/2024–25 दिनांक 07.03.2025

महत्वपूर्ण सूचना

सर्व सम्बन्धित

विषयः–उपरे पर सांस्कृतिक कोटे के अन्तर्गत पे लेवल–2 के पदों पर सीधी भर्ती के क्रम में।

रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्ष 2024–25 के लिए सांस्कृतिक कोटा के लेवल–2 के पदों पर भर्ती हेतु जारी रोजगार सूचना सं. 02/2024 (कल्चर कोटा/आरआरसी/एनडब्ल्यूआर) दिनांक 28.06.2024 के तहत कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) का आयोजन दिनांक 19.02.2025 को किया गया। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) के आधार पर व्यावहारिक प्रदर्शन व प्रतिभा का आंकलन एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु शॉर्टलिस्टेड किये गये अभ्यार्थियों का परिणाम दिनांक 04.03.2025 को रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की वेबसाईट पर प्रसारित किया गया है।

उपरोक्तानुसार अधिसूचना के पैरा 10 में परीक्षा का अगला चरण निम्नानुसार उल्लेखित हैः–

Practical Demonstration & Assessment of Testimonials/Prizes

Assessment of talent in the relevant cultural discipline {Bansuri vadak & Drama/Theatre Art} on the basis of Practical Demonstration & Testimonials/Prizes to be adjudged by a duly constituted committee

तदानुसार शॉर्टलिस्टेड किए गए अभ्यार्थियों के, व्यावहारिक प्रदर्शन व प्रतिभा का आंकलन एवं दस्तावेज सत्यापन का आयोजन दिनांक 18.03.2025 को अरावली क्लब, गणपति नगर, रेलवे कॉलोनी, जयपुर में किया जाएगा। उक्त में सम्मिलित होने हेतु अभ्यार्थी ई कॉल लेटर में उल्लेखित समय के अनुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करें। ई कॉल लेटर डाउनलोड करने के लिए लिंक शीध्र रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की वेबसाईट पर उपलब्ध कराया जाएगा।

अभ्यार्थी दस्तावेज सत्यापन के लिए अपने सभी मूल दस्तावेज एवं उनकी दो–दो प्रतियॉ लेकर उपस्थित होवें। दिनांक 19.11.2024 को जारी पात्रता सूची में प्रोविजनली पात्र किये गये अभ्यार्थियों को सूची में उल्लेखित अपेक्षित दस्तावेज (जैसे केन्द्र सरकार के प्रारूप में जाति प्रमाण पत्र) भी अद्यतन प्रस्तुत करने होगें।

पात्र अभ्यार्थियों को यह निर्देशित किया जाता है कि व्यावहारिक प्रदर्शन व प्रतिभा के आंकलन हेतु अपनी प्रस्तुति के लिए आवेदित विद्या के अनुरूप अपना वाद्य यंत्र, संगतकार एवं वांछित सामग्री अपने साथ लेकर आवें।

ई कॉल लेटर एवं नवीनतम सूचनाओं के लिए रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की वेबसाईट www.rrcjaipur.in का अवलोकन करते रहें।

-S/d-
अध्यक्ष/रेलवे भर्ती कक्ष